>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Arwal district in Bihar-laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद में अरवल जिला स्थित है । आजादी के इतने वर्ष बीतने के बाद भी वहां एक केंद्रीय विद्यालय नही है । वहां के लोग विकास और शिक्षा में अव्वल होना चाहते हैं । केंद्र सरकार द्वारा बिहार सरकार को भरपूर मदद मिल रही है । नई शिक्षा नीति भी लागू है । ऐसे में वहां भारत सरकार द्वारा एक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होना नितांत आवश्यक है ।मेरा केंद्र सरकार से विनम्र अनुरोध है कि बिहार के अरवल जिले में सभी तकनीकी एवं अन्य बाधाएं दूर करते हुए एक केद्रीय विद्यालय स्थापित करने की कृपा करें ।